## समाचार संक्षेप

### मैनपाट में बर्फ की चादर पौधों में जमी

रायपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। छत्तीसगढ़ में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तरी क्षेत्र में शीतलहर का असर साफ़ नज़र आ रहा है। अंबिकापुर में तापमान 4.5 डिग्री तक गिर गया है। मैनपाट में बर्फकी चादर जम गई है। मैदानी इलाकों में भी न्यूनतम तापमान 9-10 डिग्री के आसपास है। बता दें कि कड़ाके की ठंड का असर बच्चों की सेहत पर भी पड़ रहा है। बीते एक महीने में रायपुर के अंबेडकर समेत निजी अस्पतालों में हाइपोथर्मिया के 400 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों के मुताबिक, बच्चों का शरीर वयस्कों की तुलना में जल्दी ठंडा होता है। नवजातों की मांसपेशियां कम विकसित होती हैं, जिससे वे ठंड सहन नहीं कर पाते। वहीं, सीजेरियन डिलीवरी से जन्मे शिशुओं में हाइपोथर्मिया का खतरा और बढ़ जाता है। डॉक्टरों के अनुसार, पर्याप्त सावधानी नहीं बरतने पर बच्चों को एनआईसीयू एनआईसीयू और एसएनसीयू में भर्ती कर इलाज करना पड़ रहा है।

# देश के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नायकों का योगदान अद्वितीय - मुख्यमंत्री

◆ **शहीद गैंद सिंह नायक ने किया स्वाधीनता आंदोलन का सर्वप्रथम शंखनाद**





◆ **हल्बा-हल्बी समाज के शक्ति दिवस पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

रायपुर, 28 दिसम्बर (दण्डकारण्य समाचार)। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में आदिवासी नायकों एवं महापुरूषों का अद्वितीय योगदान है। हल्बा, हल्बी एवं आदिवासी समाज सहित संपूर्ण भारतवर्ष के गौरव शहीद गैंद सिंह नायक ने हमारे देश में आजादी का आंदोलन का सर्वप्रथम शंखनाद किया था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जिला मुख्यालय दुर्ग के गोकुल नगर स्थित हल्बा शक्ति स्थल में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा आयोजित 35वां मिलन समारोह एवं शक्ति दिवस पर्व को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर हल्बा-हल्बी समाज के नवनिर्मित कार्यालय का लोकार्पण भी किया। श्री साय ने शक्ति स्थल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हल्बा समाज के युवा-युवतियों को आवासीय कोचिंग सुविधा प्रदान करने हेतु 50 लाख रूपए तथा पुलगांव दुर्ग स्थित कंवर समाज के सामाजिक भवन में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण हेतु 25 लाख रूपए की स्वीकृत किए जाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर उन्होंने हल्बा-हल्बी समाज के सामाजिक पत्रिका 'समाज' का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सहित पूरे देश में आजादी के आंदोलन का सूत्रपात सर्वप्रथम जनजातीय समाज के नायको ने किया था। शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गैंद सिंह नायक सहित जनजाति नायकों एवं देशभक्तों ने अंग्रेजों के खिलाफकुल 14 क्रांतियों का शंखनाद किया था।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी ने जनजाति वर्ग के उत्थान एवं विकास के लिए सर्वप्रथम केन्द्रीय जनजाति कार्यालय मंत्रालय का गठन भी किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राजधानी रायपुर में जनजाति समाज के नायकों एवं वीर सपूतों के योगदान तथा अमर गाथाओं को नई पीढ़ी को परिचित कराने साथ-साथ उसके संरक्षण और संवर्धन हेतु विशाल आदिवासी संग्रहालय का निर्माण किया गया है। ष्ुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने दो वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी की अधिकांश गारंटियों को प्राथमिकता से पूरा किया है।

# विजय शर्मा ने विकसित भारत रामजी को सफल बनाने ली जिला पंचायत अध्यक्षों की बैठक, दिये टिप्स



रायपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। राज्य के पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने राज्य के जिला पंचायत अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली है। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत रामजी का नाम किये जाने के पश्चात इस योजना को सफल बनाने आवश्यक टिप्स दिये है।

मंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में केंद्र की नई योजना विकसित भारत श्रीरामजी योजना के महत्वपूर्ण संशोधन एवं श्रमिक सुधारों के बारे में जानकारी दी गई है। पंचायत सचिव निहारिका बारिक ने भी बताया कि इसमें कितना दिन मजदूरों को मजदूरी मिलेगी तथा उन्हें क्या फालय होगा। इसके पश्चात अध्यक्षें को इसके अन्य विशेषताओं के बारे में बताया गया।राज्य में करीब 20 से अधिक पंचायतें है जिनमें छह अधिकांश में भाजपा का समर्थित नेताओं का कब्जा है। यहां पर भाजपा के नेता काबिज है। जिसके कारण सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। ज्ञात रहे जिला पंचायत के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना श्रमिक योजना एवं लाबलीवुड मिशन सहित अन्य योजनाओं का संचालन किया जाता है। शिक्षा सहित अन्य योजनाओं का भी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# राजकुमार कॉलेज से 1 करोड़ 64 लाख 77 हजार 568 रूपये सम्पतिकर वसूला गया

◆ **राजस्व अमले की बहुत बड़ी उपलब्धि**



रायपुर, 28 दिसंबर । आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 के राजस्व विभाग को जोन क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 39 क्षेत्र स्थित राजकुमार कॉलेज से वर्ष 2012-13 से लेकर वर्ष 2025-26 तक का कुल बकाया सम्पतिकर 1 करोड़ 64 लाख 77 हजार 568 रूपये का धनादेश प्राप्त हुआ. यह धनादेश नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के आदेशानुसार और नगर निगम उपायुक्त राजस्व श्रीमती जागृति साहू के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक के नेतृत्व और सहायक राजस्व अधिकारी श्री प्रमोद जाधव की उपस्थिति में प्राप्त किया. रायपुर नगर निगम के बड़े बकायादार राजकुमार कॉलेज से नगर निगम राजस्व विभाग का बकाया सम्पतिकर प्राप्त करने जोन 5 राजस्व विभाग के सभी कर्मचारियों राजस्व निरीक्षक श्री राजेश मुले, श्री मनीष भोई, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री विपिन सोनी, श्री रत्नदीप करवाड़े, जी आई एस के श्री सूर्या यादव ने नगर पालिक निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक के नेतृत्व में सहायक राजस्व अधिकारी श्री प्रमोद जाधव सहित लगातार सतत प्रयास किया है, जिसकी रायपुर नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप और उपायुक्त राजस्व श्रीमती जागृति साहू ने सराहना की है.

# प्रदेश में 100 करोड़ की लागत से होगी प्रमाणिक बीजों की खरीदी



रायपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। राज्य सरकार के छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा बीज प्रमाणीकरण संस्था के माध्यम से धान बीज के उपार्जन हेतु खरीफ सौ करोड़ की लागत से बीज की खरीदी की जाएगी। इसके लिए बीज निगम द्वारा रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से वित्तीय संस्थाओं से टैंडर आमंत्रित किया गया है।

राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रबंध संचालक से मिली जानकारी के अनुसार आगामी खरीफ फसल वर्ष 25-26 के लिए प्रमाणिक बीज खरीदे जाएंगे। इनका उपयोग किसानों को स्वस्थ एवं प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराना है। खरीफ बीज उपार्जन की आवश्यकता हेतु सौ करोड़ की साख सीमा का प्रस्ताव रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। जिसे राष्ट्रीयकृत बैंक शेड्यूल बैं क प्राइवेट सेक्टर बैंक अन्य कामर्शियल बैंक द्वारा रूचि की अभिव्यक्ति सील बंद लिफाफे में प्रबंध संचालक छग कृषि विकास निगम तेलीबांधा जीई रोड के नाम से 25 - 12-25 से लेकर 14.1.2026 तक अपरान्ह तीन बजे कक्ष क्रमांक सात में आमंत्रित किये गये है। प्राप्त प्रस्ताव 14 जनवरी को सायंकाल चार बजे खोला जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य में धान की बोवाई का काम जुलाई अगस्त से शुरू हो जाता है। किसानों को यहां पर प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराने का काम बीज विकास निगम द्वारा किया जाता है। प्रमाणिक बीजों का उपयोग करने से छग में धान का उत्पादन 1.50 लाख मीटरिक टन से भी ज्यादा हो गया है। राज्य में विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रमाणिक बीज का वितरण किया जाता है। केंद्रीय सहकारी समितियों के माध्यम से भी इसका वितरण होता है। राज्य में इस समय गैर फसलीय धान को महत्व दिया जा रहा है। लेकिन राजीव गांधी उन्नयन योजना के तहत धान का समर्थन मूल्य और बोनस दिये जाने के कारण यह रकबा घटना जा रहा है। बस्तर में पहले मक्का की खेती 19 हजार एकड़ होती थी जो कि अब घटकर 8 हजार एकड़ में सिमट गई है। छग में करीब 36 हजार हेक्टर में धान की फसल ली जाती है। राज्य में इस वर्ष धान का प्रमाणिक बीज के खरीदी का स्तर बढ़ाया जाएगा। करीब 7 से 8 हजार क्विंटल प्रमाणिक बीज बांटने का लक्ष्य रखा जाएगा।

# हर छत्तीसगढ़िया के रोम-रोम में प्रभु श्रीराम का वास : अरुण साव

◆ **उप मुख्यमंत्री ग्राम कोतरी में आयोजित श्रीरामचरितमानस सम्मेलन में पहुंचे**

◆ **डिप्टी सीएम अरुण साव ने कोतरी में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की**



रायपुर, 28 दिसंबर । उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने आज लोरमी के ग्राम कोतरी में आयोजित श्रीरामचरितमानस सम्मेलन में पहुंचकर कथा व्यास में विराजमान साध्वी लीला भारती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि, साध्वी जी की वाणी से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के सत्य, करुणा, सेवा और न्याय का संदेश सुनकर मन भक्तिभाव से भर उठा। इस अवसर पर मंच के पास सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, कोतरी गांव में मानस पाठ का आयोजन 14 साल से लगातार हो रहा है। यह ग्रामीणों की आपसी एकता, भाईचारे और प्रभु के प्रति अथाह भक्ति को दर्शाता है। इस आपसी एकजुटता को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि रामचरितमानस भी समाज को एकता और सद्भाव का संदेश देती है।उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में दिन की शुरुआत राम-राम से होती है और हर छत्तीसगढ़िया के रोम-रोम में प्रभु श्रीराम का वास है।

इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष विद्यानंद चंद्राकर जी, सचिव लीला राम सोनकर जी, उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र द्विवेदी जी, संचालक शिवकुमार पांडेय जी, कोषाध्यक्ष लोकनाथ शर्मा जी, उप कोषाध्यक्ष रमाकांत कश्यप जी, ईश्वर कश्यप जी, दरबारी यादव, सरपंच ध्रुव जी, धनीराम यादव, सुजीत वर्मा जी, गुरमीत सलूजा जी, महाजन जायसवाल जी, उदय जायसवाल जी, दिनेश साहू जी, हीरा कश्यप जी, प्रदीप साहू जी, भाजपा पदाधिकारी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन व्दारा त्रिदिवसीय कलम बंद-काम बंद आंदोलन की घोषणा

रायपुर, 28 दिसंबर । छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय कलम बंद-काम बंद आंदोलन करने का ऐलान किया है। अध्यक्ष कमल वर्मा ने बताया कि इस दौरान संचालनालय और राज्य के सभी जिला कलेक्टर कार्यालयों में कर्मचारी कार्यालय का बहिष्कार करेंगे। यह आंदोलन फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा है।

कमल वर्मा ने बताया कि 16 जुलाई 2025 को जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें कर्मचारियों की मांगों को स्पष्ट रूप से रखा गया था। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अधिकारी और कर्मचारी नाराज हैं। फेडरेशन की मुख्य मांगें - कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र सरकार की तर्ज पर समय पर महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) दी जाए, 2019 से लंबित ष्ठ एरियर्स कर्मचारियों के जीपीएफ खातों में समायोजित किए जाएं, लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग समेत विभिन्न वर्गों की वेतन विसंगतियों को पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दूर किया जाए, चार स्तरीय समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 और 32 वर्ष में लागू किया जाए, सहायक शिक्षकों और सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित वेतन और समयबद्ध पदोन्नति मिले, प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह कैशलेस सुविधा लागू हो, अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने के लिए स्थायी आदेश जारी किया जाए, अर्जित अवकाश का नगदीकरण 300 दिवस किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर सभी सेवा लाभ प्रदान किए जाएं; पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए, विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी को दूर करते हुए सेवा की समानता लागू हो; सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए, कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, अनियमित और संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण कर नियमित पदस्थापना में नियुक्त किया जाये।

कमल वर्मा ने चेताया कि अगर इन मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलन अगले चरणों में और व्यापक रूप ले सकता है।

# मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति को लेकर कवायद

◆ **सामान्य प्रशासन द्वारा नियुक्ति को मिली हरी झंडी**

रायपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। छग में मुख्य चुनाव आयुक्त के रिक्त पद के लिए कवायद तेज हो गई है। दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति भी किया जाना है।

सामान्य प्रशासन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर न्यायालय द्वारा स्टे दिये जाने के बाद यहां पर नियुक्ति नहीं हो पाई थी। अब संशोधित आदेश के पश्चात यहां पर नियुक्ति के लिए हरी झंडी मिल गई है। प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन इसके सशक्त दावेदार थे लेकिन दो महीने की सेवानियुक्ति लेने के पश्चात भी यह नियुक्ति नहीं हो पाई है। नियमानुसार मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। इसके अलावा चुनाव आयुक्त का कार्यकाल भी दो वर्ष का होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त जिले से आने वाली शिकायतों एवं अन्य शिकायतों का निराकरण करेंगे। पूर्ववर्ती भाजपा शासन काल में सूचना के अधिकार के तहत इस आयोग की स्थापना की गई है। इसके पश्चात यह आयोग कार्य कर रहा है। छग राज्य में चुनाव आयोग की नियुक्ति को लेकर एक समिति बनाई गई है जिसमें मुख्यमंत्री एवं नेताप्रतिपक्ष शामिल होते हैं। इस समिति द्वारा किसी एक प्रत्याशी के अनुमोदन के पश्चात प्रत्याशी का चयन किया जाता है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एमके राउत को रिटायर्ड हुए दो वर्ष हो गये है। यहां पर अभी तक मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने के कारण फाइलों का अंबार लग गया है तथा प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। जिसके कारण विभिन्न जिलों के राज्य के पक्षकार परेशान है। कोर्ट द्वारा नियुक्ति को लेकर जो आदेश दिया गया है उसमें नियम संशोधित हुआ है कि नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है।

# 1008 भव्य कलश यात्रा के साथ 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

रायपुर, 28 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार) । अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार रायपुर के परिजनों द्वारा दिनांक 27 से 30 दिसम्बर तक शहीद नंदकुमार पटेल महाविद्यालय परिसर बीरगांव में आयोजित राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत 1008 महिलाओं द्वारा भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुई। रायपुर के गायत्री शक्ति पीठ एवं सभी महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल के नेतृत्व में 1008 महिलाएं पीली पोशाक धारण कर शहीद नंदकुमार विद्यालय में एकत्र हुई फिर वहां से दोपहर बाद गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। कशल यात्रा मेन रोड वीनू पेट्रोल पंप से व्यास तालाब, बुधवारी बाजार होते हुए शीतला तालाब पहुंची जहां वरुणदेव के पूजन हुआ एवं पहुंची। श्रीमती पद्मावती साहू ने मुख्य कलश को शिरोधार्य किया तथा उनके पीछे-पीछे बाकि महिलाये जल से भरे हुए कलश को सिर में धारण कर इतवारी बाजार से मठपारा होते हुए यज्ञशाला पहुंची। प्रज्ञा गीत के गायन के साथ कलश यात्रा में महिलाए थिरकते नजर आई साथ ही नारी जन जागरण व कन्या भ्रूण हत्या विरोधी नारे भी लगाए जा रहे थे। करीब 2 किलोमीटर लंबा सफर तय करने के बाद शोभायात्रा का समापन यज्ञ शाला में हुआ वहां शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के नायक आचार्य प्रमोद बारचे के साथ ऋषिपुत्र सर्वश्री जयसिंह राजपूत, शिवम एवं श्यामलाल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों की स्थापना कराई। आचार्य प्रमोद बारचे ने देवमंच से उद्बोधन दिया कि आने वाला समय नारी युग का होगा। भारतीय संस्कृति को विश्व संस्कृति बनाने के लिए हमारी नारी शक्तिआगे आएं और अपना समय व प्रतिभा का नियोजन करें। नारी शक्ति के माध्यम से ही परिवार में संस्कारों की स्थापना हो सकती है तथा परिवार, समाज तथा देश का नव निर्माण संभव है। यज्ञ के संयोजक शंकर लाल साहू एवं जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने बताया कि महायज्ञ हेतु देवस्थापना एवं वेदी पूजन रविवार की सुबह संपन्न होगा उसके बाद तीन दिन तक गायत्री मंत्र, महामृंत्युजय मंत्र एवं वेद मंत्रों के साथ हवन में आहुतियां दी जाएंगी। हर कुंड पर तीन -तीन जोड़े (6 जने) और एक-एक साधक बैठेंगे। यज्ञ के दौरान समस्त प्रकार के संस्कार निःशुल्क किये जायेंगे, इस हेतु पूर्व पंजीयन अनिवार्य होगा।

# बजरंग दल-विहिप ने किया तेलीबांधा थाना के सामने प्रदर्शन

रायपुर, 28 दिसंबर । मैग्नेटो मॉल तोड़फोड़ मामले में पुलिस की कार्रवाई के विरोध में बजरंग दल ने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में प्रदर्शन किया। बजरंगियों ने तेलीबांधा थाने के सामने जमा होकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही।बता दें कि 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद के दौरान रायपुर स्थित मैग्नेटो मॉल में 30 से 40 लोगों के एक समूह ने लाठी-डंडों के साथ प्रवेश कर क्रिसमस की सजावट को नुकसान पहुंचाया था। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए थे। सीसीटीव्ही फुटेज और वायरल क्लिप्स के आधार पर पुलिस ने मामले में एफआई दर्ज कर कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग एवं 6 अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 190, 191(2), 324(2) और 331(3) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज बजरंग दल ने इसे एकतरफा बताते हुए विरोध प्रदर्शन का फैसला लिया है। संगठन का कहना है कि निर्दोष कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसी के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ता और पदाधिकारी तेलीबांधा थाने में सामूहिक गिरफ्तारी देने की तैयारी कर रहे हैं।